# कार्यालय प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय
# गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर

पत्रांकः एस0पी0ओ0/2019–20/1073 दिनांकः 03.. जुलाई, 2019

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भण्डार क्रय विभाग के केन्द्रीय भण्डार में विभिन्न प्रकार के स्क्रैप की नीलामी हेतु (जो है जहाँ है जैसा है की स्थिति में) मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है:–

| लॉट संख्या | स्क्रैप का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | वेस्ट पेपर/फाइल कवर/श्रेडिंग पेपर स्क्रैप | 6198 Kg. |
| 2. | सीमेन्ट की चादर विभिन्न साइज स्क्रैप | 265 Nos. |
| 3. | एल्युमिनियम स्क्रैप | 1929 Kg. |
| 4. | इलेक्ट्रिक/इलैक्ट्रानिक स्क्रैप | 4434 Kg. |
| 5. | एक्जास्ट फैन विभिन्न साइज स्क्रैप | 07 Nos. |
| 6 | सिलिंग फैन विभिन्न साइज स्क्रैप | 370 Nos. |
| 7. | ब्राँस स्कैप | 129 Kg. |
| 8. | प्लास्टिक/पी0वी0सी0 स्क्रैप | 043 Kg. |
| 9. | एम0एस/जी0आई/सी0आई/आयरन स्क्रैप | 16806 Kg. |
| 10. | रबर टाइल्स स्क्रैप | 045 Kg. |
| 11. | लकड़ी स्क्रैप | 2265 Kg. |

इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र एवं शर्तें भण्डार क्रय कार्यालय से रू0 2,000.00 + वस्तु एवं सेवा कर 12% = 2,240.00 मात्र नकद जमा कर किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **08.07.2019 से 27.07.2019 सांयः 5:00** बजे तक प्राप्त कर सकते है अथवा विश्वविद्यालय की बेबसाइट **www.gbpuat.ac.in** से डाउन लोड कर सकते है। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में केन्द्रीय भण्डार में 11:00 बजे से 4:00 बजे की अवधि में स्कैप का निरीक्षण कर सकते है।

पूर्ण रूप से भरे हुए निविदा प्रपत्र, धरोहर राशि रू0 25,000.00 मात्र का **यूको बैंक/स्टेट बैंक/यूनियन बैंक/पंजाब नेशनल बैंक का ड्राफ्ट, नियन्त्रक, गो0ब0पन्त कृषि एंव प्रौ0 विश्वविद्यालय पन्तनगर** के नाम से बनाकर दिनांक **31.07.2019 को अपरान्ह 5:00** बजे तक निविदा पेटी या डाक द्वारा जमा कर सकते हैं उसके बाद कोई भी निविदा स्वीकार्य नही होगीं प्राप्त निविदायें दिनांक **01.08.2019 को प्रातः 11:00 बजे** निविदादाताओं के सामने खोली जायेंगी।

Balyan 2.7.19

प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय

# कार्यालय प्रभारी अधिकारी भण्डार क्रय
# गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर

## विभिन्न प्रकार की निष्प्रयोज्य सामग्रियों की बिक्री हेतु निविदा प्रपत्र

| लॉट संख्या | निष्प्रयोज्य सामग्री/स्क्रैप का नाम | अनुमानित मात्रा | आवेदक द्वारा प्रेषित कर रहित दरें, प्रति किलो/ प्रति नग/प्रति लाट |
|---|---|---|---|
| 1. | वेस्ट पेपर/फाइल कवर/श्रेडिंग पेपर स्क्रैप | 6198 Kg. | रू0 ..................... प्रति किलो |
| 2. | सीमेन्ट की चादर विभिन्न साइज स्क्रैप | 265 Nos. | रू0 ....................... प्रति नग |
| 3. | एल्युमिनियम स्क्रैप | 1929 Kg. | रू0 .......................प्रति किलो |
| 4. | इलेक्ट्रिक/इलैक्ट्रानिक स्क्रैप | 4434 Kg. | रू0 ..................... प्रति किलो |
| 5. | एक्जास्ट फैन विभिन्न साइज स्क्रैप | 07 Nos. | रू0 ......................... प्रति नग |
| 6 | सिलिंग फैन विभिन्न साइज स्क्रैप | 370 Nos. | रू0 ....................... प्रति नग |
| 7. | ब्रॉस स्कैप | 129 Kg. | रू0 ..................... प्रति किलो |
| 8. | प्लास्टिक/पी0वी0सी0 स्क्रैप | 43 Kg. | रू0 .......................प्रति किलो |
| 9. | एम0एस/जी0आई/सी0आई/आयरन स्क्रैप | 16806 Kg. | रू0 .............. .......प्रति किलो |
| 10. | रबर टाइल्स स्क्रैप | 45 Kg. | रू0 .......................प्रति किलो |
| 11. | लकड़ी स्क्रैप | 2265 Kg. | रू0 .......................प्रति किलो |

आवेदक का पूरा नामः–

पूरा पताः–

टेलीफोन नम्बर/मोबाइल नम्बरः–

जी0एस0टी रजिस्ट्रेशन नम्बर (छायाप्रति संलग्न):–

पेन कार्ड नम्बर (छायाप्रति संलग्न):–

आधार कार्ड नम्बर (छायाप्रति संलग्न):–

निविदा प्रपत्र राशि रू0ः– 2000.00 + वस्तु एवं सेवा कर 12% = रू0 2,240.00

ड्राफ्ट नम्बर तथा दिनांकः–

धरोहर राशि रू0ः– 25,000.00 (पच्चीस हजार रूपये मात्र)

ड्राफ्ट नम्बर तथा दिनांकः–

**नोटः–** आवेदक द्वारा अपने आवेदन के साथ धरोहर धनराशि रू0 25,000.00 मात्र का ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है धरोहर राशि का ड्राफ्ट जमा न करने पर आवेदक द्वारा प्रेषित निविदा स्वीकार्य नहीं होगी। व्यापार कर की राशि, सामग्री उठाने से पूर्व उच्चतम निविदादाता द्वारा जमा कर रसीद अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

AKBalyan 2.7.19

**प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय के हस्ताक्षर** | **आवेदक के हस्ताक्षर**

# कार्यालय प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय
# गो0 ब0 पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर

## निष्प्रयोज्य सामग्री की निविदा से सम्बन्धित शर्तें

1. निष्प्रयोज्य सामानों की गुणवत्ता की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में विश्वविद्यालय के केन्द्रीय भण्डार से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा में जहाँ पर दरें प्रति किलोग्राम मांगी गयी है प्रति किलोग्राम तथा जहाँ पर दरें प्रति नग मांगी गयी है प्रति नग की दरें ही दी जायें अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
3. निष्प्रयोज्य सामग्री की बिक्री, जो सामान जहाँ है जैसा है के आधार पर की जायेगी तथा निविदा खोले जाने के बाद गुणवत्ता या अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं सुनी जायेगी।
4. व्यापार कर क्रेता को नियमानुसार अतिरिक्त देय होगा।
5. डाउन लोड किये जाने वाले निविदा प्रपत्र का शुल्क रू0 2,000.00 + वस्तु एवं सेवाकर 12% = रू0 2,240.00 मात्र **यूको बैंक/स्टेट बैंक/यूनियन बैंक/पंजाब नेशनल बैंक** का ड्राफ्ट जो **प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय** के पक्ष में निर्गत तथा पन्तनगर में देय हो निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदादाता द्वारा धरोहर राशि के रूप में रूपये 25,000.00 मात्र **यूको बैंक/स्टेट बैंक/यूनियन बैंक/पंजाब नेशनल बैंक का ड्राफ्ट, नियन्त्रक, गो0ब0पन्त कृषि एंव प्रौ0 विश्वविद्यालय पन्तनगर** के नाम से बनाकर निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। उच्चतम निविदादाता को छोडकर शेष सभी निविदादाताओं को धरोहर राशि का ड्राफ्ट उसी दिन निविदा खोलने के बाद वापस कर दिया जायेगा। सुरक्षा धनराशि जमा न करने पर निविदा स्वतः निरस्त हो जायेगी।
7. उच्चतम निविदादाता को पूरे माल का 25% धनराशि निविदा खोले जाने के दिन जमा करनी होगी।
8. माल का पूरा मूल्य तथा व्यापार कर जो भी देय होगा निविदा की स्वीकृति के प्राप्त होने के 10 दिन के अन्दर अपने स्तर से वाणिज्य कर विभाग में जमा करना होगा तथा पूरा माल का पैसा जमा करने के 20 दिन के अन्दर उसे उठाना होगा।
9. माल की ढुलाई, यातायात का प्रबन्ध स्वयं क्रेता को करना होगा।
10. यदि उच्चतम दरदाता निर्धारित समय के अन्दर माल नहीं उठाता है तो उसकी धरोहर राशि तथा 25% जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
11. निष्प्रयोज्य सामग्री की बिक्री हेतु गठित समिति किसी भी निविदादाता की निविदा को जो समिति की दृष्टि में किसी भी कारण अयोग्य समझा जायेगा निरस्त कर दी जायेगी।
12. विश्वविद्यालय को, बिना कारण बताये निष्प्रयोज्य सामग्री की बिक्री को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।
13. किसी भी विवाद के उत्पन्न होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति जी एक मात्र मध्यस्थ होगें जिनका निर्णय दोनो पक्षों (क्रेता तथा विक्रेता) को स्वीकार होगा।
14. क्रेता जिसके नाम से निविदा स्वीकृत होगी क्रीत माल विश्वविद्यालय परिसर के अन्दर किसी भी दूसरे अन्य व्यक्ति अथवा संस्था को हस्तांरित नही करेगा।
15. सामग्री का उचित मूल्य प्राप्त न होने पर आंशिक अथवा पूर्ण रूप से निविदा निरस्त की जा सकती है।

AKBalyan 2-7-19

प्रभारी अधिकारी, भण्डार क्रय